भारत सरकार
योजना मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2020**
दिनांक 11.02.2026 को उत्तर देने के लिए

**अग्रणी योजनाओं के अंतर्गत रोजगार सृजन की समीक्षा**

2020. **श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:**

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने अग्रणी योजनाओं के अंतर्गत रोजगार सृजन की कोई समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके निष्कर्ष क्या हैं; और

(ग) क्या आर्थिक सुधार के बार-बार किए गए दावों के बावजूद बेरोजगारी दर उच्च बनी हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) से (ग) रोजगार सृजन के साथ-साथ रोजगार क्षमता में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता है। तदनुसार, सरकार विभिन्न रोजगार सृजन योजनाएं/कार्यक्रम क्रियान्वित कर रही है।

सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही प्रमुख रोजगार सृजन योजनाओं/कार्यक्रमों का विवरण https://dge.gov.in/dge/index.php/schemes_programmes पर देखा जा सकता है।

सरकार प्रत्येक वित्त आयोग चक्र की शुरुआत से पूर्व सभी योजनाओं और कार्यक्रमों की व्यवस्थित समीक्षा और मूल्यांकन करती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे निरंतर प्रासंगिक, प्रभावी और विकसित प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं।

प्रमुख श्रम बाजार संकेतकों पर आधिकारिक डेटा स्रोत आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) है जो वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा किया जाता है। नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, बेरोजगारी दर में हाल के वर्षों

में लगातार गिरावट देखी गई है। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग (सामान्य स्तर में) के लिए अखिल भारतीय बेरोजगारी दर वर्ष 2017-18 के 6.0 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 3.2 प्रतिशत हो गई। विस्तृत जानकारी पीएलएफएस की रिपोर्ट में उपलब्ध है जो सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की वेबसाइट https://mospi.gov.in/publications-reports पर देखी जा सकती है।

*****